राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'अखिल भारतीय असैनिक सेवा पावर लिफ्टिंग, वेट–लिफ्टिंग तथा बेस्ट फिजिक टूर्नामेन्ट–2019–20' का उद्घाटन किया

पटना, 04 मार्च 2020

''राज्य सरकार खेलकूद की गतिविधियों के विकास हेतु सार्थक प्रयास कर रही है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति के विशेष अवसर मिल रहे हैं। 'मुख्यमंत्री खेल विकास योजना' के अंतर्गत 22 जिलों में '40 एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र' की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें वर्तमान में 30 प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इन केन्द्रों में प्रशिक्षित खिलाड़ियों द्वारा 14 स्वर्ण पदक, 29 रजत पदक एवं 20 कांस्य पदक सहित कुल 63 पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया गया है।''–उक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज आज स्थानीय खेल परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में सचिवालय स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में ''अखिल भारतीय असैनिक सेवा पावर लिफ्टिंग, वेट–लिफ्टिंग तथा बेस्ट फिजिक टूर्नामेंट–2019–20'' के पाँच दिवसीय आयोजन का आज उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में वैसे खिलाड़ी जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं, उन्हें भी निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भी 'एकलव्य प्रतियोगिता' नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष आयोजित करने के लिए निदेश दिया गया है। इस वर्ष की 'एकलव्य प्रतियोगिता' पटना विश्वविद्यालय आयोजित करेगा। सभी कुलपतियों को महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों का 'खेल– कैलेण्डर' तैयार करने को कहा गया है। राज्यपाल ने कहा कि आज जरूरी है कि शहरों के अलावे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें तराशा जाए, ताकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वे बिहार और देश का नाम रोशन कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी देश या प्रान्त में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की गतिविधियों का विकास भी बहुत जरूरी होता है। खेलकूद की गतिविधियों से मानव–मन में शांति, आनन्द, एकाग्रता, अनुशासन आदि भावनाएँ जगती हैं तथा समाज में भाईचारा, शांति, समरसता और सद्भावना का विकास होता है।

राज्यपाल ने कहा कि सचिवालय स्पोट्स क्लब, पटना के तत्वावधान में अखिल भारतीय असैनिक सेवा पॉवर लिफ्टिंग, वेट लिपिटिंग तथा बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता 2019–20 का यह जो पाँच–दिवसीय आयोजन हो रहा है, इसमें 40 टीमों के लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने टूर्नामेन्ट के आयोजकों एवं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सफलता हेतु शुभकामनाएँ दी।

आगे पृष्ठ...2 पर

राज्यपाल ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि देश के युवा पढ़ने–लिखने के साथ–साथ खेलकूद की दुनियाँ में भी भारत का नाम रोशन करें। प्रधानमंत्री ने **''खेलो इंडिया''** कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि यह आयोजन भी 'खेलो इंडिया' के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

टूर्नामेन्ट–उद्घाटन–समारोह को संबोधित करते हुए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री प्रमोद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार खेलकूद के विकास हेतु विभिन्न प्रोत्साहनप्रद एवं कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है।

कार्यक्रम में राज्य के मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार ने बिहार की विरासतों का उल्लेख करते हुए खेलकूद को भी मानव–जीवन के संतुलित विकास के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम में स्वागत–भाषण टूर्नामेंट–आयोजन–समिति के अध्यक्ष–सह–प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु–परिवर्तन विभाग श्री दीपक कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद–ज्ञापन महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार–सेवाएँ श्री मिथिलेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में 'किलकारी' के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उद्घाटन–समारोह में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, डी॰जी॰ बी॰एम॰पी॰ श्री एस॰के॰ सिंघल, 'जीविका' के कार्यपालक निदेशक–सह–सचिवालय स्पोर्टस क्लब के सचिव श्री बालामुरूगन डी आदि भी उपस्थित थे।

....